# बन्दे तेरा रे नही रे ठिकाना चेतावनी भजन लिरिक्स

बन्दे तेरा रे नही रे ठिकाना,
एक ना एक रोज,
पड़ेगा तुझे जाना रे,
बन्दें तेरा रे नहीं रे ठिकाना।bd।

---

बीत गया बचपन ढली रे जवानी,
आया रे बुढ़ापा देख रोया रे प्राणी,
बदल गया रे सब होके पुराना रे,
बन्दें तेरा रे नहीं रे ठिकाना।bd।

---

जैसा करा है तुने वैसा ही भरा है,
गीता के पन्नो में ये सब लिखा है,
मोह ममता से मन को हटाना रे,
बन्दें तेरा रे नहीं रे ठिकाना।bd।

---

दुनिया को कहते हो ये सब हमारे,
साथ जाये ना तेरे महल चोबारे,
खाली आया जग में खाली हाथ जाना रे,
बन्दें तेरा रे नहीं रे ठिकाना।bd।

---

'राव राजेंदर' मन में विचारा,
दिन बन्धु दीनानाथ एक है सहारा,
सिमरन करके मुक्ति को पाना रे,
बन्दें तेरा रे नहीं रे ठिकाना।bd।

---

बन्दे तेरा रे नही रे ठिकाना,
एक ना एक रोज,
पड़ेगा तुझे जाना रे,
बन्दें तेरा रे नहीं रे ठिकाना।bd।

स्वर – राजकुमार जी स्वामी।
**Upload – Rakesh Singh Poswal.**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com